Roll No. ....

Total No. of Pages : 4

Total No. of Questions : 10

पूर्वमध्यमा द्वितीयखण्ड

विषय कोड : 616

सामान्य हिंदी

पञ्चम् प्रश्नपत्र (अनिवार्य)

समय : 1½ घण्टे **पूर्णांक : 50**

निर्देश : सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

1. (अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 3

(1) सूरदास .... के गायक थे।

(प्रेम सौन्दर्य/वात्सल्य)

(2) आचार्य भरत ने .... को काव्य की आत्मा माना है।

(रस/अलंकार)

(3) लक्षण ग्रंथों की रचना सर्वाधिक .... काल में हुई।

(वीरगाथा/रीति)

(ब) सही विकल्प चुनकर लिखिये : 3

(1) घनश्याम की बहिन का नाम था :

(*i*) शारदा

(*ii*) श्यामा

(*iii*) सुन्दरी

(*iv*) सरस्वती

(2) कुछ लोग निर्दोष होते हैं :

(*i*) सत्यवादी

(*ii*) मिथ्यावादी

(*iii*) हिंसावादी

(*iv*) अहिंसावादी

(3) खेती करने वाला कहलाता है :

(*i*) मुनीम

(*ii*) कृषक

(*iii*) माली

(*iv*) मजदूर

2. (अ) सत्य/असत्य छाँटकर लिखिये : 3

(1) हिंदी गद्य का स्वर्ण युग द्विवेदी युग है।

(2) सूरदास ने "निन्दा सबद रसाल" कहा है।

(3) ज्ञान और दीपक दोनों सहकर्मी, सहधर्मी नहीं हैं।

(ब) एक वाक्य या शब्द में उत्तर दीजिये : 3

(1) बिना विचारे कार्य करने से क्या होता है ?

(2) "भाई की बगिया" कहाँ पर है ?

(3) "आँख का काँटा" मुहावरे का अर्थ क्या होगा ?

3. (*i*) हिंदी साहित्य के इतिहास को कितने भागों में विभक्त किया गया है ? 2

(*ii*) नई कविता की **दो** विशेषताएँ लिखिये। 2

4. (*i*) आत्मकथा और जीवनी में अंतर लिखिये। 2

(*ii*) गूंगा फल के स्वाद का अनुभव किस प्रकार करता है ? 2

5. (*i*) सखी प्रात:काल किसके द्वार पर जाती है ? 2

(*ii*) निर्गुण भक्ति एवं सगुण भक्ति में क्या अंतर है ? 2

6. (अ) मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए (कोई **दो**) : 2

(*i*) गागर में सागर

(*ii*) अक्ल का दुश्मन

(*iii*) तूती बोलना

(ब) अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिये (कोई **दो**) : 2

(*i*) मैं आपको मिलकर प्रसन्न हुआ।

(*ii*) ईश्वर आपको भला करें।

(*iii*) मैं आपकी श्रद्धा करता हूँ।

अथवा

(अ) सुभद्रा कुमारी चौहान **अथवा** महादेवी वर्मा में से किसी **एक** का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिये : 2

(*i*) **दो** रचनाएँ

(*ii*) भावपक्ष-कलापक्ष

(*iii*) साहित्य में स्थान

(ब) मुंशी प्रेमचंद **अथवा** श्रीलाल शुक्ल का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिये : 2

(*i*) **दो** रचनाएँ

(*ii*) भाषा-शैली

(*iii*) साहित्य में स्थान

7. (अ) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिये : 2

मैं अपने देश का नागरिक हूँ और मानता हूँ कि मैं अपना देश हूँ। जैसा मैं अपने लाभ और सम्मान के लिये हरेक छोटी-छोटी बात पर ध्यान देता हूँ वैसा ही मैं अपने देश के लाभ और सम्मान के लिये छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दूँ। यह मेरा कर्त्तव्य है और जैसे मैं सम्मान और साधनों से अपने जीवन में सहारा पाता हूँ, वैसे ही देश के सम्मान और साधनों से भी सहारा पाऊँ। यह मेरा अधिकार है, बात यह है कि मैं और मेरा देश दो अलग चीज तो हैं ही नहीं।

(ब) निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिये : 2

बिना विचारे जो करै, सो पाछे पछिताय

काम बिगारै आपनो, जग में होत हंसाय।

जग में होत हंसाय, चित मैं चैन न पावै

खान-पान सनमान, राग-रंग मनहिं व भावै।

कह गिरधर कविराय, दु:ख कछु टरत न टारै

खटकत है जिय माहिं, कियो जो बिना विचारै।

8. निम्नलिखित अपठित गद्यांश का उचित सारांश एवं शीर्षक दीजिये : 5

शिक्षा मनुष्य को मस्तिष्क और देह का उचित प्रयोग करना सिखाती है, वह शिक्षा जो मानव को पाठ्यपुस्तकों के ज्ञान के अतिरिक्त कुछ गंभीर चिंतन न दे, व्यर्थ है। यदि हमारी शिक्षा सुंस्कृत, सभ्य, सच्चरित्र एवं अच्छे नागरिक नहीं बना सकती तो उससे क्या लाभ ? सहृदय, सच्चा परंतु अनपढ़ मजदूर उस स्नातक से कहीं अच्छा है जो निर्दयी और चरित्रहीन है। संसार के सभी वैभव व सुख-साधन भी मनुष्य को तब तक सुखी नहीं बना सकते जब तक कि मनुष्य को आत्मिक ज्ञान न हो।

हमारे कुछ अधिकार तथा उत्तरदायित्व भी हैं। शिक्षित व्यक्ति को उत्तरदायित्व का उतना ही ध्यान रखना चाहिये जितना कि अधिकारों का।

(*i*) उपयुक्त शीर्षक दीजिये।

(*ii*) शिक्षा मनुष्य को क्या सिखाती है ?

(*iii*) गद्यांश का सारांश लिखिये।

9. प्राचार्य को शुल्क-मुक्ति हेतु आवेदन-पत्र लिखिये। 5

10. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **250** शब्दों में निबंध लिखिये : 8

(*i*) आतंकवाद

(*ii*) इन्टरनेट आज के जीवन की आवश्यकता

(*iii*) वृक्षारोपण एवं मानव।